प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 95/2024)

तत्काल जारी करने हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

विषय: भादूविप्रा ने नई वेबसाइट लॉन्च की, वेबसाइट (https://trai.gov.in/) पर उपलब्ध है।

नई दिल्ली, 23 दिसंबर 2024 - भादूविप्रा ने बड़े पैमाने पर दर्शकों से जुड़ने के लिए और अपनी पहुंच को व्यापक बनाने हेतु एक उन्नत वेबसाइट का अनावरण किया है। सोशल मीडिया के बढ़ते महत्व को ध्यान में रखते हुए, नई वेबसाइट में साझा करने की सुविधाएं जोड़ी गई हैं, ताकि सभी हितधारकों तक विनियामक जानकारी आसानी से पहुंच सके। । यह वेबसाइट भारत में दूरसंचार और प्रसारण विनियमों, नीतियों, कानूनों, सांख्यिकी और रुझानों के बारे में व्यापक जानकारी प्रदान करती है। ये संसाधन जनता, हितधारकों, शोधकर्ताओं और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों के लिए सुगमता से उपलब्ध हैं।

2. नई वेबसाइट में निम्नलिखित अतिरिक्त विशेषताएं सम्मिलित हैं:

- दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्र के लिए एक नए डैशबोर्ड का परिचय ।
- शोध के लिए डेटा डाउनलोड की सुविधा ।
- डेटा को एक नए और इंटरैक्टिव स्वरूप में देखने के लिए ग्रिड व्यू फीचर।
- दस्तावेजों को ईमेल के माध्यम से साझा करने के अलावा, उपयोगकर्ता अब प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे- इंस्टाग्राम, यूट्यूब, लिंक्डइन, व्हाट्सएप, फेसबुक, एक्स आदि पर विज़ुअलाइज़ेशन के लिंक के माध्यम से सीधे दस्तावेज़ साझा कर सकते हैं ।
- भादूविप्रा के नवीनतम अपडेट और प्रकाशन की सदस्यता के लिए ऑनलाइन पंजीकरण ।
- प्राधिकरण की संक्षिप्त प्रोफाइल।
- आईओएस, एंड्रॉइड और विभिन्न प्लेटफ़ॉर्म के साथ नई वेबसाइट सुसंगत है।
- एक ब्लॉग जिसमें पंजीकृत उपयोगकर्ता टिप्पणी कर सकते हैं।
- आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रकाशित करने की सुविधा।
- ओपन हाउस डिस्कशन्स में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण।
- अभिगम्यता सुविधाओं का अनुपालन।
- निविदाएँ और सूचनाएँ ।
- संशोधनों के साथ एक ही स्थान पर संक्षिप्त और संकलित नियम फुट नोट्स में उल्लेख किया गया है।

3.	नई वेबसाइट एनआईसी क्लाउड में होस्ट की जाएगी। नई वेबसाइट के लाइव होने के पश्चात पुरानी वेबसाइट 3 महीने तक एक साथ चलती रहेगी। इंटरेक्टिव सर्च की सुविधा के लिए एक चैटबॉट 'टीएआरए' (टेलीकॉम अथॉरिटी रिस्पॉन्सिव एडवाइजर) शुरू किया गया है।

4.	इन नई सुविधाओं का उद्देश्य दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्र में भादूविप्रा की विनियामक पहलों की पारदर्शिता, अभिगम्यता और सार्वजनिक सहभागिता को बढ़ाना है।

5.	किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, सुश्री अर्चना अहलावत सलाहकार (आईटी) से 011-20907756 पर या वेब मैनेजर से jait@trai.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

अतुल चौधरी
23/12/2024

(अतुल कुमार चौधरी)
सचिव, भादूविप्रा